## संक्षिप्त

### उत्साह से मनाया विजय दिवस

**टोंक।** देवली उपखंड के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को 25वाँ करगिल विजय दिवस शहीदों को श्रद्धांजलि एवं राष्ट्रभक्ति गीतों के साथ उत्साह पूर्वक मनाया गया। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य भंवरलाल कुम्हार ने बताया कि विद्यालय में कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता शिक्षक सुरेंद्र सिंह नरूका ने कारगिल युद्ध के विभिन्न घटनाक्रमो एवं भारतीय सेना के जांबाजों के अदम्य साहस और वीरता की अनेक गाथाएं सुनाने के साथ ही देश प्रेम गीत सुनाया। इसी क्रम में उपप्रधानाचार्य अनुराधा कलवार ने "जांबाज सिपाही है हर बच्चा वतन का" कविता के माध्यम से छात्रों में राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार किया।

### धरना तीसरे दिन भी जारी रहा

**दूदू ।** जिला मुख्यालय पर जनता जल योजना संघर्ष समिति दूदू के तत्वावधान में पंप चालकों द्वारा तीन सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को धरना तीसरे दिन भी जारी रहा । जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि कर्मचारियों को नियमित करने, समान वेतन समान काम तथा सामाजिक सुरक्षा लाभ लेने की मांगों को लेकर 24 जुलाई से योजनाएं बंद पड़ी है । जब तक मांगे नहीं मानी जाएगी धरना जारी रहेगा ।

### धाभाई अपर लोक अभियोजक नियुक्त

**दूदू।** विधि एवं विधिक कार्य विभाग के शासन सचिव राजेश गुप्ता ने आदेश जारी कर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश दूदू न्यायालय में राज्य सरकार की ओर से पैरवी करने के लिए अभियोजक नानूराम धाभाई को अपर लोक अभियोजक एवं राजकीय अभिभाषक संघ दूदू के पद पर नियुक्त किया है।

### विजय दिवस की वर्षगांठ मनाई

**अलवर ।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से शुक्रवार को कंपनी बाग स्थित शहीद स्मारक पर करगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ मनाई गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने यह जानकारी बताई ।

# मांगे पूरी नहीं होने पर 1 अगस्त से राशन डीलर करेंगे कार्य बहिष्कार

- राशन डीलरों ने एस.डी.एम. को सी.एम. के नाम विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन
- राशन विक्रेताओं को मानदेय कर्मी घोषित कर प्रति प्रति माह 30. हजार रुपए निश्चित किए जाने की मांग की

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा के पावटा कस्बे में ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन इकाई पावटा के तत्वाधान मे राशन डीलर संघ पावटा तहसील अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सुरेला के नेतृत्व मे राशन डीलरो ने अपनी विभिन्न मांगो को लेकर उपखंड पावटा अधिकारी कपिल उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौपते हुए तहसील अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सुरेला ने बताया कि गत माह राशन डीलरो द्वारा उपखंड अधिकारी के माध्यम से मुयमंत्री को नौ सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत किया गया था। लेकिन सरकार व खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा मांगो पर कोई भी संज्ञान नही लिया गया है।

तहसील अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सुरेला ने मांगो को लेकर राशन विक्रेताओं को मानदेय कर्मी घोषित कर प्रति प्रति माह 30. हजार रुपए निश्चित किया जाने, गेहूं तोल में दो प्रतिशत की छीजत दी जाने, गत महिनो का बकाया कमीशन दिये जाने सहित मांगो को धरातल या अमल मे लाने की बात कहीं।

मांगो के पूरा नही होने पर राशन डीलरो ने 1 अगस्त 2024 से राशन वितरण व्यवस्था को विराम देने की बात बात कही। जिसकी जिमेदारी राज्य सरकार व प्रशासन की होगी। इस मौके पर स्थानीय राशन डीलर संघ के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।



राशन डीलरों ने मानदेय सहित अन्य मांगों को लेकर एस.डी.एम. को ज्ञापन सौंपा।

### शहीद मुकेश कुमार स्मारक पर मनाया विजय दिवस

**पावटा ।** निकटवर्ती ग्राम रामपुरा में शुक्रवार को शहीद मुकेश कुमार बुनकर के शहीद स्मारक पर शहीद पिता पूर्व सरपंच रामसहाय बुनकर, वीरांगना बीना देवी, पुत्री मोनिका, ममता, ऋषिका, भाई विकास बुनकर, बाबूलाल आदि परिजनों सहित ग्रामीणों ने वीर जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर कारगिल विजय दिवस मनाया गया।

सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पूरण मल बुनकर ने बताया कि वर्ष 1999 में हुए कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों की शहादत की याद में कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। शहीद पिता राम सहाय बुनकर पूर्व सरपंच ने कहा कि यह देश के सुरक्षा बलों के बलिदान को याद करने के लिए एक अहम दिन है।

26 जुलाई 1999 के दिन भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध के दौरान चलाए गए ऑपरेशन विजय को सफलतापूर्वक अंजाम देकर भारत भूमि के घुसपैठियों के चंगुल से मुक्त कराया था।

यह दिन है उन शहीदों को याद कर अपने श्रद्धा-सुमन अर्पण करने का है, जो हंसते-हंसते मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। यह दिन समर्पित है उन्हें, जिन्होंने अपना आज हमारे कल के लिए बलिदान कर देश के लिए शहीद हुए।

## सार-समाचार

### चोरी का आरोपी पकड़ा



**जमवारामगढ़ ।** डिप्टी प्रदीप गोयल के सुपरविजन में चंदवाजी थाना अधिकारी सुगन सिंह के नेतृत्व में पुलिस को चोरी के मामले में मिली बड़ी सफलता मिली है। अचरोल पंजाब बैंक के पास श्रीराम इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में हुई चोरी के मामले में चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अचरोल छापर की ढाणी निवासी काना राम को गिरफ्तार किया। आरोपी से पुलिस ने सामान बरामद किया। दुकान मालिक शिव राम मीना ने मामला दर्ज करवाया था ।

### पेंशन सत्यापन की अन्तिम तिथि 31 जुलाई

**कोटपूतली।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन के वार्षिक सत्यापन की अन्तिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। जिसको लेकर जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी व विकास अधिकारियों को जिला कलेक्टर ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन से शेष रहे पेंशनरों का 31 जुलाई तक वार्षिक सत्यापन किये जाने के निर्देश दिये है। इसके लिये सभी पेंशनरों को नजदीकी ई-मित्र पर जाकर सत्यापन कराने हेतु पाबन्द कराया जावे। साथ ही ऐसे पेंशनर जिनका ओटीपीधफिंगर आदि से सत्यापन नहीं हो रहा है उन्हें ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र में उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होने पर सत्यापन करें। साथ ही अपने क्षेत्र के ग्राम विकास अधिकारी व पटवारी के माध्यम से पेंशन लाभार्थी के घर मोबाईल एवं ओटीपी से सत्यापन किया जावे। सभी अधिकारी शेष रहे दिनों में अपना यात्रा कार्यक्रम इस प्रकार निर्धारित करे कि अधिक से अधिक पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन करवाया जा सके।

### कारगिल विजय महोत्सव मनाया

**सांभरझील, (निसं)।** राजकीय दरबार उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्कूल प्रशासन की तरफ से कारगिल विजय महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। सभी ने कारगिल में शहीद हुए जवानों को नमन किया और श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर प्रधानाचार्य टीकमचंद मालाकार ने विद्यार्थियों को बताया कि 3 मई 1999 से 26 जुलाई 1999 कारगिल का युद्ध चला था। यह वही तारीख है जब भारतीय सेना ने जम्मू कश्मीर के करगिल में पाकिस्तानी सेना को हराया था, लेकिन इस युद्ध में भारत ने अपने 527 जवानों को खो दिया था। हम वीरों की शहादत को कभी नहीं भुला सकते हैं। वे हमारे बीच में नहीं है लेकिन उनकी मौजूदगी का एहसास हमें पल-पल होता है। हमें उनकी कुर्बानी से बहुत कुछ सीखना चाहिए तथा देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस मौके पर विद्यार्थियों सहित स्कूल प्रशासन की अनेक स्टाफ की भी मौजूदगी रही।

### प्रायोगिक परीक्षायें 29 जुलाई से

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय के बीएससी सेमेस्टर प्रथम व द्वितीय स्वयंपाठी विधार्थियों की वनस्पति शास्त्र, प्राणी शास्त्र, रसायन शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षायें आगामी 29 जुलाई से प्रारम्भ होगी। सम्बंधित विधार्थी महाविधालय व विभाग के सूचना पट्ट पर प्रायोगिक परीक्षा का बैच नम्बर, दिनांक एवं समय देखकर प्रवेश पत्र व फोटो युक्त पहचान पत्र एवं यदि अन्य महाविधालय से प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त किया हो तो प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र लेकर प्रायोगिक परीक्षा के समय उपस्थित होवें।

### 29 वें दिन भी धरना जारी

**कोटपूतली।** चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के तहत निकटवर्ती ग्राम चतुर्भुज, तरियाला, ढ्राणी रामनगर की मातृ शक्ति ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग को लेकर शुक्रवार को लगातार 29 वें दिन भी धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध प्रकट किया। मातृ शक्ति ने विरोध स्वरुप गैस सिलेंडर और चूल्हे पर खाना पका कर सरकार को आगाह किया है कि जब तक यह प्लांट स्थानांतरित नहीं होगा तब तक हम धरने से उठने वाले नहीं है। धरने पर चंद्रशेखर शर्मा, गिरिराज भारती, किशनलाल स्वामी, सत्यनारायण शर्मा, विक्रम सैन, रोहित स्वामी व दशरथ धानका सहित बडी संख्या में मातृ शक्ति मौजूद रही।

### विधायक रामसहाय वर्मा का सम्मान

**निवाई ।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में आयोजित चातुर्मास वर्षायोग के तहत समारोह में विधायक रामसहाय वर्मा ने जैन मुनि अनुसरण सागर महाराज के समक्ष श्रीफल चढाकर आशीर्वाद लिया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि मंगल कलश कार्यक्रम में विधायक रामसहाय वर्मा शामिल होकर जैन मुनि अनुसरण सागर महाराज को श्रीफल चढाकर देश में खुशहाली की मनोकामना की एवं आशीर्वाद लिया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के पश्चात सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान मे विधायक रामसहाय वर्मा का राजस्थानी परम्परा अनुसार स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर महावीरप्रसाद पराणा, ताराचंद गोयल व राकेश संघी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### समितियों का किया गठन

**निवाई ।** स्वायत शासन विभाग ने नगरपालिका में विभिन्न समितियों का गठन किया है। राज्यपाल की आज्ञा से निदेशक एवं संयुक्त सचिव सुरेशकुमार ओला ने समितियां का गठन किया है। निवाई नगर पालिका के लिए कार्यपालक समिति का अध्यक्ष पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी को नियुक्त किया है।

### कारगिल विजय दिवस पर पौधे रोपे

**कोटपूतली ।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। प्राचार्य प्रो. आर के सिंह ने बताया कि महाविधालय में एनएसएस व एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में संकाय सदस्यों के सहयोग से शहीदों की याद में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर संकाय सदस्यों ने स्वयं व अपने बच्चों के जन्मदिवस एवं अन्य महत्वपूर्ण दिवस पर वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया। इस दौरान मत्स्य विश्वविधालय अलवर से प्रो. कुलदीप यादव, प्रो. सुरेन्द्र सिंह यादव, वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. उर्मिल महलावत, प्रो. मधु नागर, प्रो. गीता गर्ग, प्रो. पी.सी. जाट, प्रो. भरत लाल मीणा, प्रो. विजय सिंह यादव, प्रो. बबीता, प्रो. देशराज यादव, प्रो. रघुवीर सिंह, प्रो. बाबूलाल मीणा, प्रो. रविन्द्र यादव, प्रो. सुरेश यादव, प्रो. शीशराम यादव, प्रो. सज्जन सिंह, प्रो. संदीप आर्य, प्रो. जितेन्द्र कुमार यादव, प्रो. योगेश यादव आदि संकाय सदस्य समेत विधार्थी मौजूद रहे।

# छत से पानी टपकने से भयभीत ग्रामीणों ने सरकारी स्कूल के ताला लगाया

**मालपुरा** (निस) उपखण्ड क्षेत्र के कलमंडा ग्राम पंचायत के मालूणी गांव मे संचालित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन की जर्जर हालत व छत से टपकते बरसाती पानी में बच्चों की सुरक्षा को लेकर भयभीत ग्रामीणों ने शुक्रवार को शिक्षकों को बाहर निकाल बच्चों के साथ मुख्य गेट पर ताला लगा प्रदर्शन किया। ग्रामीणो द्वारा विद्यालय गेट पर ताला लगाकर प्रदर्शन करने की मिली सुचना पर पहुंचे सीबीईओ बाबूलाल गुप्ता को ग्रामीणो ने अवगत करवाया कि गांव के सरकारी स्कुल भवन की छत पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। बरसात के दौरान छत से बरसात का पानी कमरों में टपकने से विद्यालय भवन कभी भी धराशाही होने की कगार पर है। ऐसे में उनके मासूम बच्चों की सुरक्षा को लेकर वो भयभीत है। या तो शिक्षा विभाग भवन की छत की मरम्मत करवाये अन्यथा उनके बच्चो को टी.सी. दे दे। ग्रामीणो के साथ बरसात मे भीगते हुये बच्चो के चेहरे पर सुरक्षा को लेकर भय दिखाई दिया। विद्यालय के शिक्षको ने ताला खोलने के लिये ग्रामीणों से समझाईश की लेकिन ग्रामीण अधिकारियों द्वारा मौके पर आकर ठोस आश्वासन पर अडे रहे । सीबीईओ ने उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर मामले को लेकर चर्चा के बाद ग्रामीणों को विश्वास दिलाया की 15 दिवस मे विद्यालय की छत व अन्य आवश्यक निर्माण कार्य पूर्ण करवा दिया जायेगा। तब जाकर ग्रामीण ताला खोलने पर सहमत हुये। ग्रामीणो ने विद्यालय के पास ही एक निजी मकान मे 15 दिन के लिये विद्यालय चलाने के लिये वैकल्पिक व्यवस्था कर शिक्षण कार्य शुरू करवाया।



मालपुरा के मालूणी गांव में सरकारी स्कूल के ताला लगाकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

# दीया कुमारी ने दौसा में शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्पाजंलि दी

**दौसा ।** उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान बेहद जरूरी, कार्यकर्ता संगठन की रीढ होते है। कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान दिया जाना चाहिये। अगर कोई अधिकारी हमारे कार्यकर्ता की सुनवाई नही करता है तो उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाही की जावेगी।

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी भाजपा की बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में बोल रही थी। इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी प्रात दौसा की सीमा पर पहुंची। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ प्रभु दयाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का काफीला सैंथल मोड सर्किलए गांधी तिराहे सर्किलए सोमनाथ सर्किल पहुंचा। जहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वही उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शहीद स्मारक कलेक्टेट सर्कल पर पहुंच कर कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित किए। वही दूसरी ओर होटल एस विला में आयोजित बैठक में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में सरकार है और अब प्रदेश में भी सरकार है जो कि सुशासनए विकास एवं प्रगति को हमेशा प्राथमिकता देती है। भाजपा कार्यकर्ता बैठक में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के साथ भूपेंद्र सैनी भाजपा प्रदेश मंत्री दौसा भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ प्रभु दयाल शर्मा मौजूद थे।



उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने दौसा में शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित किया।

## पटवार कार्यालय में आने वाले लोगों की समस्याए निबटाई

**दूदू ।** अतिरिक्त जिला कलक्टर गोपाल परिहार ने गुरुवार को जिले के गिदानी व सावरदा में पटवार भवन तथा बिचून में उपतहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था व कार्यों की जांच की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम गिदानी पटवार कार्यालय का निरीक्षण कर नोटिस बोर्ड का अवलोकन किया और उपस्थित आमजन से पटवारी के कार्यालय आने के समय, कार्यदिवस पर उपस्थित होने के दिन इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने दिव्यांग व्यक्ति को दी योजनाओं की जानकारी इस दौरान उन्होंने ई मित्र पर उपस्थित दिव्यांग ग्राम चांदरमूल निवासी रामलाल गुर्जर से आने का कारण पूछा तथा उसको सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत पंजीकरण कराने व योजना का लाभ लेने के बारे में बताया। इसके बाद अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सावरदा में पटवार भवन व ग्राम पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया ।

इस दौरान 11 बजे तक उक्त कार्यालय बंद पाये जाने पर ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक व पटवारी को नोटिस जारी करने के निर्देश तहसीलदार व ब्लॉक विकास अधिकारी को दिये।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बिचुन पटवार मंडल का निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच करने पर सभी कार्य संतोषजनक पाये गए। साथ ही उन्होंने बिचुन में उपतहसील कार्यालय का भी निरीक्षण कर कार्यों का जायजा लिया।

## उपकारागृह में मनाया कारगिल विजय दिवस

- समाजसेवी रतनलाल शर्मा ने जवानों की वीरता के किस्से सुनाए

**कोटपूतली।** कस्बे के गोपालपुरा रोड स्थित उप कारागृह में शुक्रवार को सामाजिक कार्यकर्ता रतनलाल शर्मा के नेतृत्व में कारगिल विजय दिवस मनाया गया।

इस दौरान कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को याद करते हुए भारत माता की जय व शहीद अमर रहे के नारे लगाये गये। इस दौरान शर्मा ने कहा कि भारत-पाकिस्तान कारगिल युद्ध में 18 हजार फीट की ऊंचाई पर पाकिस्तानी सेना को धूल चाटते हुए भारतीय वीर जवानों ने अपने पराक्रम और वीरता से पाकिस्तान को नाको चने चबा दिए और फतह हांसिल की।

युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने अपने 527 जवान खो दिए और 1365 जवान इस युद्ध के दौरान घायल हुए लेकिन उसके बावजूद भी भारतीय सेना के वीर सपूतों ने अपने धैर्य, पराक्रम और कौशल से विषम परिस्थितियों के बीच भी पाकिस्तानी सेना को पीछे धकेलते हुए दुश्मन फौज के हजारों जवानों को मौत के घाट उतार दिया। जेलर प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के वीर जवानों ने जो शहादत दी है उसे देश कभी नहीं भूल पायेगा, प्रतिवर्ष उनके सम्मान में कारगिल विजय दिवस देश मनाया जाता है।

समाजसेवी शर्मा ने वीर जवानों की शौर्य गाथा एवं उनके पराक्रम के किस्से सुनाते हुए कारगिल विजय दिवस के महत्व को बताया और कहा कि हमें हमारे वीर जवानों पर नाज है, कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को देश हमेशा याद करता रहेगा।

दौरान ओमप्रकाश सारस्वत, जमशेद, उपेंद्र कुमार, अजय बायला, अशोक, विष्णु, घनश्याम, जयसिंह मीणा, टोनी सोनी सहित सब जेल के सभी कैदियों ने विजय कारगिल दिवस में भाग लिया एवं शहीद वीर जवानों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाया

**सांभरझील, (निसं)।** गुढा मैं चारागाह की भूमि पर कई सालों से काबिज अतिकर्मियों के अतिक्रमण को ध्वस्त करने का आज से काम शुरू किया गया। चारागाह भूमि पर कब्जे के मामले को लेकर तहसीलदार न्यायालय की ओर से खुद ही अतिक्रमण हटाने हेतु नोटिस जारी किए गए थे लेकिन पालना नहीं करने पर सख्ती दिखाते हुए ग्राम पंचायत के माध्यम से राजस्व विभाग के अधीन गोचर भूमि से कच्चे पक्के व अन्य कई तरीके से किए निर्माण को हटाने का काम शुरू हुआ तो ग्रामीणों ने विरोध जताया लेकिन प्रशासन और पुलिस जाप्ता के आगे उनकी एक नहीं चली। प्रशासन ने जेसीबी की मदद से लगाए गए कंटीली झाड़ियां, बबूल, कच्चे मकान को उखाड़ना शुरू कर दिया। इसके अलावा अवैध रूप से बनाए गए बोरवेलों को भी नष्ट किया गया। बिजली मोटरें, केबलें जब्त कर ली गई। सूत्रों के अनुसार कई लोग एक-एक बीघा में गोचर की जमीन पर रजका, बाजरा आदि की सिंचाई कर बाड़ियां बना रखी थी उन सभी को ग्राम पंचायत ने अतिक्रमण को हटाया।

# कलेक्टर ने टोंक के पक्के बंधे पर पर्यटन की संभानाएं तलाशी

**टोंक ।** जिला कलेक्टर ने टोंक शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित ऐतिहासिक पक्के बंधे का अवलोकन किया। उन्होंने इसे पर्यटन के रूप में विकसित किये जाने को संभावनाएं तलाशी। इस दौरान तहसीलदार टोंक रामधन गुर्जर एवं नगर परिषद के अभियंता भी मौजूद रहे। इसके पश्चात जिला कलेक्टर ग्राम चराई में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज एवं नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण किया।

इसके अलावा जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने कलेक्ट्रेट कक्ष में टोंक नगर परिषद आयुक्त एवं अन्य अधिकारियों के साथ शहर के विकास से जुडे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने अमृत योजना-2, धन्ना तलाई, तेलियों का तालाब के सौंदर्यकरण एवं पानी निकासी, आवारा पशुओं से आमजन को होने वाली परेशानी को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने अमृत योजना-2 के तहत निर्मित होने वाले 6 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं 2 मैन हॉल विद् पपिंग के निर्माण की प्रगति को बढ़ाने पर जोर दिया। धन्ना तलाई एवं तैलियों के तालाब के सौंदर्यीकरण एवं पानी निकासी को लेकर नगर परिषद की टेक्निकल टीम द्वारा बनाए गए नक्शे का अवलोकन किया तथा अभियंताओं को आवश्यक निर्देश दिए। आवारा पशुओं से आमजन को होने वाली परेशानी को देखते हुए नगर परिषद आयुक्त ममता नागर को इन पशुओं को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने की कार्य योजना बनाने के लिए कहा।



जिला कलेक्टर ने टोंक शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित ऐतिहासिक पक्के बंधे का अवलोकन किया। उन्होंने इसे पर्यटन के रूप में विकसित किये जाने को संभावनाएं तलाशी।

### शारीरिक शिक्षकों की गोष्ठी शुरु

**निवाई।** स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में शुक्रवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय शारीरिक शिक्षक संघ की प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा वाकपीठ संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पन्नालाल बैरवा, जिला खेल शारीरिक शिक्षा अधिकारी रामप्रसाद मीणा, संगोष्ठी संयोजक देवेंद्रपालसिंह चौधरी व एसीबीओ रमेशचंद विजय ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पन्नालाल बैरवा ने वाक पीठ संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि शारीरिक शिक्षक ही विद्यालय के अनुशासन के महत्वपूर्ण सिपाही हैं। उन्होंने कहा कि शारीरिक शिक्षक अनुशासन के साथ-साथ संपूर्ण विद्यालय की महत्वपूर्ण धुरी होते हैं। संगोष्ठी की संयोजक देवेंद्रपालसिंह चौधरी ने कहा कि बालकों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए जिससे खेलों से बालकों का शारीरिक वा मानसिक विकास होता है। जिसके लिए शारीरिक शिक्षक बालकों को खेलों के प्रति प्रेरित करें।